कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक,मध्यप्रदेश

(पंजीयन भवन, प्लॉट नं. 35 A, अरेरा हिल्स, भोपाल–462011)

क्रमांक 146 /कम्प्यूटर/2016 भोपाल, दिनांक 11 मई 2016

प्रति,

समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक/जिला पंजीयक
समस्त वरिष्ठ उप पंजीयक/उप पंजीयक
मध्यप्रदेश

विषय – भूमि विकय–पत्र ई–पंजीयन दस्तावेजों को ई–मेल द्वारा तहसीलदारों को भेजे जाने के संबंध में।

—0—

राज्य शासन द्वारा भूमि विकय पत्र दस्तावेजों के ई–पंजीयन उपरांत ई–मेल के माध्यम से संबंधित तहसीलदारों को भेजे जाने का निर्णय लिया गया है।

2. वर्तमान में पंजीयन विभाग एवं भू–अभिलेख विभाग के सॉफ्टवेयर के इंटीग्रेशन का कार्य प्रगति पर है। इस इंटीग्रेशन कार्य के पूर्ण होने तक यह निर्देशित किया जाता है कि सभी उप पंजीयक प्रतिदिन उनके द्वारा ई–पंजीयन किए गए सभी भूमि विकय–पत्र दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति (certified copy) "सम्पदा" एप्लीकेशन से डाउनलोड कर संबंधित तहसील के तहसीलदार को ई–मेल के माध्यम से उनके कार्यालयीन ई–मेल आई.डी., जो कि शासकीय डोमेन में बनाई गई हो (उदाहरणार्थ – nic.in या gov.in) पर भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे। सभी उप पंजीयक इस ई–मेल की कॉपी अपने जिला पंजीयक को भी भेजेंगे।

Deepali Rastogi

(दीपाली रस्तोगी)
महानिरीक्षक पंजीयन
मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक 147 /कम्प्यूटर/2016 भोपाल, दिनांक 11 मई 2016

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर उनके द्वारा "ईज ऑफ डूईंग बिजनेस" भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्टेट बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान 2015–16 के कियान्वयन के संबंध में समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश को भेजे गए पत्र कमांक 427/142/2015/सात–(एक), दिनांक 23.04.2016 के संदर्भ में सूचनार्थ।
3. स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की ओर सूचनार्थ।
4. समस्त संभागायुक्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. नोडल अधिकारी, "सम्पदा" की ओर सूचनार्थ।
8. प्रभारी अधिकारी, सम्पदा परियोजना प्रबंधन इकाई, मुख्यालय भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

महानिरीक्षक पंजीयन
मध्यप्रदेश